प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
27.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

समीक्षा

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आगामी चुनावों के दौरान निर्वाचन आयोग की विभिन्न ऐप्स का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। हमीरपुर में आज निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जिला के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ये ऐप्स उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और मतदाताओं के अलावा निर्वाचन डियूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी काफी सुविधाजनक साबित हो सकते हैं। मनीष गर्ग ने मतदाता पंजीकरण, मतदान प्रतिशत में बढ़ौतरी की संभावनाओं और मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। उन्होंने जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा आरंभ किए गए मिशन 4 सौ 14 और 22 गोइंग टू 72 अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करे। बाद में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला हमीरपुर के परिसर में प्रस्तावित मतगणना केंद्रों और ईवीएम स्ट्रोंग रूम का निरीक्षण भी किया।

सैन्य सम्मेलन

सैन्य कमांडरों का सम्मेलन–2024, कल नई दिल्ली में हाइब्रिड माध्यम से शुरू होगा। सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित समूह को संबोधित करेंगे और दो अप्रैल को वरिष्ठ सैन्य नेतृत्व के साथ संवाद भी करेंगे। सम्मेलन के पहले दिन सेना प्रमुख जनरल मनोज पाडंये अपने कमान मुख्यालय से वर्चुअल माध्यम से भाग ले रहे सैन्य कमांडरों के साथ संवाद करेंगे। इस सम्मेलन में महत्वपूर्ण एजेंडे पर फोकस किया जाएगा। सेना कमांडरों का सम्मेलन भारतीय सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार–विमर्श करने, समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री व शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस–चुनाव–प्रभारी रोहित ठाकुर ने क्षेत्र के ब्लॉक अध्यक्षों से पार्टी की जीत के लिए एक जुट होकर कार्य करने को कहा है। रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में शिमला के कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज हुई ब्लॉक प्रभारी और ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक में आगामी चुनावों को लेकर रणनीति बनाई गई। बाद में पत्रकार वार्ता में रोहित ठाकुर ने कहा की पार्टी जल्द ही लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर चुनाव प्रचार शुरू करेगी। उन्होंने लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा उप–चुनाव में भी जीत का दावा किया। रोहित ठाकुर ने कहा कि बीते 15 महीने में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार ने बेहतरीन कार्य किया है, जिसको लेकर ही कांग्रेस कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में विधायकों की खरीद फरोख्त कर सरकार को अस्थिर करने का प्रयास किया है जिसके लिए प्रदेश के लोग इसे सबक सिखाएंगे।

वेवसाईट

पत्र सूचना ब्यूरो–पी.आई.बी ने लोकसभा चुनाव की कवरेज करने वाले मीडिया कर्मियों के लिए एक विशेष वेबसाइट– pib.gov.in@elect2024 शुरू की है। इस वेबसाइट पर डिजिटल फिल्प बुक जैसी विशेषताएं

हैं, जिनमें कई तरह के विश्लेषण और आंकड़ों से संबंधित लेख शामिल किए गए हैं। मीडिया कर्मी, चुनाव से संबंधित लेख लिखने के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही इस पर अनेक उपयोगी लिंक भी उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से पत्रकार, निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर संबंधित जानकारी आसानी से हासिल कर सकते हैं। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम और अधिसूचना से संबंधित जानकारी भी इस वेबसाइट पर समय–समय पर अपडेट की जाएगी।

मतदान केंद्र

मंडी जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा है कि जिले के कुछ–मतदान केंद्रों के भवनों के क्षतिग्रस्त होने के कारण इन्हें अन्य भवनों में स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि करसोग विधानसभा क्षेत्र के कोट कपडयास मतदान केंद्र को बदलकर राजकीय उच्च पाठशाला गुजरोधार, सिराज विधानसभा क्षेत्र के लेहथाच मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला जुहीथाच के नए भवन, बागी के मतदान केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागी भनवान और खोलानाला मतदान केंद्र को पंचायत घर खोलानाला में परिवर्तित किया गया है। अपूर्व देवगन ने बताया कि इसी तरह द्रंग क्षेत्र के देवरी मतदान केंद्र को पंचायत घर देवरी, मंडी सदर क्षेत्र के भरगांव मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला भरगांव और मराथु मतदान केंद्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला मराथु में बदलाव गया है।

स्वीप

ऊना जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में आज राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली में विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि जिले में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता गतिविधियां की जा रही हैं। विशेषकर नए व युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व और मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।